TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

09 मार्च 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

भूतकाल में पछताने या भविष्य की चिंता करने

से बेहतर है कि वर्तमान में जीना सीखें।

गौतम बुद्ध



राकेश कुमार

Teachers of Bihar
The Change Makers
Email us : teachersofbihar@gmail.com

# दिवस ज्ञान

**09 मार्च**

विक्रम संवत् 2081, फाल्गुन माह, शुक्ल पक्ष, दशमी तिथि, रविवार 09 मार्च 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

जीवन में सफलता कोई नहीं देता, इसे खुद प्राप्त करना होता है।

**Success in life is not given, it has to be earned.**

DIWAS GYAN

## आज के दिन

**1934**– सोवियत पायलट और अंतरिक्ष यात्री यूरी गागरिन का जन्म हुआ। जो बाद में अंतरिक्ष में जाने वाले पहले व्यक्ति बने।

**1941**– – प्रसिद्ध इतिहासकार, अंग्रेजी साहित्यकार तथा अन्वेषक का निधन।

**1948**– एयर इंडिया इंटरनेशनल की स्थापना हुई.


**1951**– प्रसिद्ध तबला वादक जाकिर हुसैन का जन्म हुआ।

**1959**– दुनिया भर में प्रसिद्ध बार्बी डॉल को न्यूयॉर्क में अमेरिकन टॉय फेयर में पहली बार प्रदर्शित किया गया।

1. **जाकिर हुसैन का जन्म**– 9 मार्च, 1951 ई. को देश के प्रसिद्ध तबला वादक जाकिर हुसैन का जन्म हुआ था। जाकिर हुसैन अपने पिता को ही अपना गुरू मानते थे और उन्होंने दो–तीन साल के भीतर ही तबलावादन के ढेर सारे गुर सीख लिए। वह घंटो अभ्यास करते और महज 10 साल के उम्र में वह इसमें महारथ हासिल कर लिये। 1988 में वह 'पद्मश्री' से सम्मानित सबसे कम उम्र के व्यक्ति बने।

2. **यूरी गागरिन का जन्म**– अंतरिक्ष की प्रथम यात्रा करने वाले रूसी सोवियत पायलट और कॉस्मोनॉट यूरी गागरीन का जन्म 9 मार्च, 1934ई. को हुआ था। 12 अप्रैल, 1961 ई. को महज 27 साल के उम्र में यूरी गागरिन ने अंतरिक्ष में कदम रखकर इतिहास रच दिया। इसलिए प्रतिवर्ष 12 अप्रैल को 'इंटरनेशनल डे ऑफ ह्यूमन स्पेस फ्लाइट' मनाया जाता है।

## दिवस प्रेरणा 45



### अमरीश पुरी

( बॉलीवुड के प्रसिद्ध खलनायक )

आवाज और लुक के कारण रिजेक्ट कर दिया गया था ...

**संघर्ष**

अमरीश पुरी हिन्दी सिनेमा के सबसे मशहूर खलनायक के रूप में प्रसिद्धि बटोरने वाले अभिनेता थे। 22 साल की उम्र में अपने पहले ऑडिशन में उन्हें उनकी आवाज और लुक के कारण अस्वीकार कर दिया गया था। रोजगार की तलाश में मुंबई आने के बाद एक बीमा कंपनी में नौकरी करनी की। मुम्बई में ही 'पृथ्वी थियेटर' में नाटकों पर काम भी करने लगे। रंगमंचीय प्रस्तुतियों ने उन्हें टी.वी. विज्ञापनों तक पहुँचाया, जहाँ से वह फिल्मों में खलनायक के किरदार तक पहुँचे। वर्ष 1971 में उनकी पहली फिल्म 'रेशमा और शेरा' से खलनायक के रूप में अपने कैरियर की शुरुआत की लेकिन वह इस फिल्म से दर्शकों के बीच अपनी पहचान नहीं बना सके। उन्होंने अपनी तैयारी जारी रखा।

**सफलता**

भारतीय फिल्म इंडस्टो में खलनायक की भूमिका मे सबसे ज्यादा पसंद और याद किया जाता है। रंगमंच पर बेहतर प्रस्तुति के लिए उन्हें 1979 में संगीत नाटक अकादमी की तरफ से पुरस्कार दिया गया, जो उनके अभिनय कैरियर का पहला बड़ा पुरस्कार था। उन्होंने स्टीवन स्पीलबर्ग की मशहूर फिल्म 'इंडियाना जोंस एंड द टेंपल ऑफ डूम' में खलनायक के रूप में माँ काली के भक्त का किरदार निभाया। इस किरदार ने उन्हें अंतराष्ट्रीय पहचान दिलाई।

संकलन : शशिधर उज्ज्वल. ई मेल- ujjawal.shashidhar007@gmail.com
प्रस्तुति: टीचर्स ऑफ बिहार. contact us : www.teachersofbihar.org

website: https://www.teachersofbihar.org/publication/diwasgyan https://www.teachersofbihar.org/publication/gyandrishti

# दिवस विशेष

9 मार्च

मधु प्रिया

## जाकिर हुसैन का जन्म 9 मार्च



जाकिर हुसैन का जन्म 9 मार्च 1951 को हुआ था। एक भारतीय संगीतकार, तालवादक, संगीत निर्माता और फिल्म अभिनेता हैं। वह तबला वादक उस्ताद अल्लाह रक्खा के सबसे बड़े बेटे हैं । ज़ाकिर हुसैन का बचपन मुंबई में ही बीता। 12 वर्ष की उम्र से ही ज़ाकिर हुसैन ने संगीत की दुनिया में अपने तबले की आवाज़ को बिखेरना शुरू कर दिया था। प्रारंभिक शिक्षा और कॉलेज के बाद ज़ाकिर हुसैन ने कला के क्षेत्र में अपने आप को स्थापित करना शुरू कर दिया। 1973 में उनका पहला एलबम लिविंग इन द मैटेरियल वर्ल्ड आया था। उसके बाद तो जैसे ज़ाकिर हुसैन ने ठान लिया कि अपने तबले की आवाज़ को दुनिया भर में बिखेरेंगे। 2007 तक ज़ाकिर हुसैन विभिन्न अंतरराष्ट्रीय समारोहों और एलबमों में अपने तबले का दम दिखाते रहे। ज़ाकिर हुसैन भारत में तो बहुत ही प्रसिद्ध हैं साथ ही साथ विश्व के विभिन्न हिस्सों में भी समान रूप से लोकप्रिय हैं।1988 में जब उन्हें पद्म श्री का पुरस्कार मिला था तब वह महज 37 वर्ष के थे और इस उम्र में यह पुरस्कार पाने वाले सबसे कम उम्र के व्यक्ति भी थे। इसी तरह 2002 में संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें पद्म भूषण का पुरस्कार दिया गया था। ज़ाकिर हुसैन को 1992 और 2009 में संगीत का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्रैमी अवार्ड भी मिला है।

# जयंती विशेष 09 मार्च

# यूरी गागरीन



**गागरीन** *Yuri Gagarin*; जन्म- 9 मार्च, 1934, रूस, सोवियत संघ; मृत्य- 27 मार्च, 1968, रूस, सोवियत संघ) भूतपूर्व सोवियत संघ के विमान चालक और अंतरिक्षयात्री थे। 12 अप्रैल, 1961 को अंतरिक्ष में जाने वाले प्रथम व्यक्ति थे।

# विभिन्न तत्वों से परिचय

## रसायनविज्ञान

वर्ग - 9-10

# तत्व (Element)

## लांथनम (Lanthanum)

संकेत (symbol) - La

परमाणु संख्या (Atomic no. ) -57

समूह (group)-3

आवर्त (period)-6


ब्लाक (block)-d

संयोजकता (valancy)-3

समस्थानिक ( isotope)-2

इलेक्ट्रॉनिक विन्यास -[Xe]$5d^1 6s^2$

परमाणु भार (A.weight) -138.90




### खोज

1839, कार्ल गुस्ताव

### भौतिक गुण

नरम, चांदी सफेद, लचीला, तन्य, दुर्लभ मृदा धातु

### रासायनिक गुण

अम्ल के साथ प्रतिक्रियाशील, हैलोजेन के साथ अति-अत्यधिक

### उपयोग

कैमरा लेंस, लाइटर, बैटरी, उत्प्रेरक

Anu priya

# वैज्ञानिक कारण

SCIENCE

**जल में काफी गहराई में रहने वाले जीव जल से बाहर किये जाते हैं तो वे आकार में बढ़े हुए दिखते है, कैसे?**

काफी गहराई में रहने वाले जीव के शरीर पर दाब का परिमाण अधिक रहता है। लेकिन जब वे जीव जल के बाहर आ जाते है, तो उन पर मात्र वायुमंडल की वायु का दाब ही काम करता है। ऐसी स्थिति में दाब की कमी के कारण उनके शरीर फैल जाते है।



Madhu priya

# बिहार दिवस विशेष

09 मार्च

## आइए, अपने बिहार को जाने !

**01 मार्च से 22 मार्च**



नीतीश कुमार
बिहार के मुख्यमंत्री



आरिफ़ मोहम्मद ख़ान
बिहार के राज्यपाल

**18.** बिहार के प्रथम राज्यपाल जयरामदास दौलतराम थे।

**19.** बिहार के प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता रामधारी सिंह दिनकर थे।

**20.** ब्रिटिश राज के दौरान बिहार का पहला विश्वविद्यालय पटना विश्वविद्यालय था।





राकेश कुमार

Class 4
EVS

ToB TLM

# आओ बनाएं नक्शा

**नजरी नक्शा :-** नजरी नक्शा का अर्थ है नजर से देख कर बनाया गया नक्शा। यह नक्शा अंदाज से अपनी नजर से देखकर बनाया जाता है। नजरी नक्शे को देखकर दूरी की गणना नहीं की जा सकती। सरकारी कामों में इनका उपयोग सर्वे जैसे कार्यों में ज्यादा होता है। अगर कोई सर्वेक्षण या गणना करने से पहले गांव का नजरी नक्शा बना लिया जाए तो घर छूटने की संभावना कम हो जाती है। कार्य करना भी आसान हो जाता है कि किस तरफ से कार्य किया जाए और किस दिशा से बढ़ते हुए पूर्ण किया जाए कि कोई घर ना छूटे। पंचायत चुनाव और अन्य चुनाव में भी नजरी नक्शा बना लेने से मतदाताओं के हिसाब से वार्ड बांटने में आसानी होती है।



पुनीता कुमारी

# TOB खेल कॉर्नर

# चैंपियंस ट्रॉफी ग्रुप स्टेज में भारत का सफर

| खिलाफ | नतीजा | कहां | प्लेयर ऑफ द मैच |
|---|---|---|---|
| बांग्लादेश | 6 विकेट से जीत | दुबई | शुभमन गिल |
| पाकिस्तान | 6 विकेट से जीत | दुबई | विराट कोहली |
| न्यूजीलैंड | 44 रन से जीत | दुबई | वरुण चक्रवर्ती |



# वार्षिक परीक्षा 2025

संशोधित

## प्रारंभिक विद्यालयों के लिए

| तिथि | प्रथम पाली<br>समय: 10.00 पू. से 12.00 अप. | द्वितीय पाली<br>समय: 01.00 अप. से 03.00 अप |
|---|---|---|
| 10.03.2025<br>(सोमवार) | गणित<br>( कक्षा I एवं II के लिए मौखिक परीक्षा ) | अंग्रेजी<br>( कक्षा I एवं II के लिए मौखिक परीक्षा ) |
| 11.03.2025<br>(मंगलवार) | हिन्दी / उर्दू<br>( कक्षा I एवं II के लिए मौखिक परीक्षा ) | —— —— |
| 12.03.2025<br>(बुधवार) | गणित<br>(कक्षा III-V के लिए) | गणित<br>(कक्षा VI-VIII के लिए) |
| 17.03.2025<br>(सोमवार) | हिन्दी / उर्दू<br>( कक्षा III - V के लिए ) | हिन्दी / उर्दू<br>( कक्षा VI - VIII के लिए ) |
| 18.03.2025<br>(मंगलवार) | पर्यावरण अध्ययन<br>( कक्षा III - V के लिए ) | विज्ञान<br>(कक्षा VI-VIII के लिए) |
| 19.03.2025<br>( बुधवार ) | सामाजिक विज्ञान<br>( कक्षा VI - VIII के लिए ) | संस्कृत<br>( कक्षा VI - VIII के लिए )<br>अहिंदी भाषी के लिए ( हिन्दी )<br>( कक्षा III-VIII के लिए ) |
| 20.03.2025<br>( गुरुवार ) | अंग्रेजी<br>( कक्षा III - V के लिए ) | अंग्रेजी<br>( कक्षा VI - VIII के लिए ) |

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 09.03.2025


## मानसिक दृष्टिकोण

मानसिक दृष्टिकोण, या मानसिक स्वास्थ्य, किसी व्यक्ति की भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक भलाई को संदर्भित करता है, जो उनके सोचने, महसूस करने और कार्य करने के तरीके को प्रभावित करता है।



राकेश कुमार

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**did you know** 🤔

**इंसान के शरीर पर मौजूद बेक्टीरिया की संख्या पृथ्वी पर मौजूद जीव जन्तुओ की संख्या से कहीं ज्यादा अधिक है।**

# ToB बूझो तो जानें..



491


**हरा चोर लाल मकान, उसमे बैठा काला शैतान ,**
**गर्मी में वह है दिखता, सर्दी में गायब हो जाता**
**....बुझो तो जानें ?**




www.teachersofbihar.org

संजय कुमार

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



# मशहूर तबला वादक

## जाकिर हुसैन

9 मार्च 1951-15 दिसंबर 2024

की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

Madhu priya

www.teachersofbihar.org